**सुविचार**



यह भयावह रूप से स्पष्ट हो चुका है कि हमारी तकनीक हमारी मानवता की सीमाएं पार कर चुकी है।

-अल्बर्ट आईन्सटीन

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**


- पहले को बचाने में गई दूसरे मजदूर की भी जान II
- केजीएमयू में शुरुआती पांच हार्ट ट्रांसप्लांट होंगे मुफ्त III
- ऋभव-आरव की युगल में खिताबी जीत IV


### शहर में आज

- डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में पेन मेडिसिन पर कार्यशाला का आयोजन। 10 : 00 बजे।
- सीतापुर रोड योजना अलीगंज स्थित एमएलएम इंटर कॉलेज में लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से दादा-नानी की कहानी, जीतेश की ज़ुबानी कार्यक्रम। 11 :30 बजे।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में नर्सिंग सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन। 2 :00 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# अब रविवार को भी खुलेंगे आधार सेवा केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**08** चिन्हित डाकघरों में 8 बजे से शाम 4 बजे तक मिलेगी सुविधा




**अमृत विचार:** आमजन को आधार संबंधी सेवाएं अधिक सुगम और सुलभ बनाने के उद्देश्य से डाक विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। अब राजधानी के चिन्हित डाकघरों में प्रत्येक रविवार को भी आधार सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस व्यवस्था के तहत नागरिक अवकाश के दिन भी आधार नामांकन, पता परिवर्तन, मोबाइल नंबर अपडेट, बायोमेट्रिक अपडेट समेत अन्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। पोस्टमास्टर जनरल लखनऊ मुख्यालय क्षेत्र सुनील कुमार राय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में राजधानी के 8 प्रमुख डाकघरों को इस सुविधा के लिए चिन्हित किया गया है।

इनमें जीपीओ, चौक प्रधान डाकघर, इंदिरानगर डाकघर, गोमतीनगर डाकघर, अलीगंज डाकघर, राजेंद्र नगर डाकघर, आलमबाग डाकघर तथा आवास विकास कॉलोनी डाकघर शामिल हैं। इन सभी केंद्रों पर रविवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक आधार सेवाएं संचालित होंगी।

### दो शिफ्टों में भी शुरू हुई आधार सेवा व्यवस्था

- डाक विभाग ने आधार सेवाओं को और अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाने के लिए मुख्यालय परिक्षेत्र के 19 डाकघरों में दो शिफ्टों में कार्य व्यवस्था भी लागू की है। इसके अंतर्गत पहली शिफ्ट सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित की जा रही है। इससे लोगों को अपनी सुविधा के अनुसार समय चुनकर आधार कार्य कराने में आसानी होगी।

### 156 आधार केंद्र और घर-घर पहुंच रही सेवाएं

- वर्तमान में लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र में कुल 156 आधार सेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां नियमित रूप से आधार संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 886 मोबाइल डिवाइसों के माध्यम से घर-घर जाकर भी आधार सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं 6 अतिरिक्त डिवाइसों द्वारा विशेष शिविर और कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का संचालन विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक विद्यालयों, नगर पंचायतों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया जा रहा है।

### महिला शौचालय में ताला




रूमी गेट के सामने नगर निगम द्वारा बनाए गए एकमात्र महिला शौचालय पर ताला लटकने से महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटक स्थल होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाओं का आवागमन रहता है, लेकिन शौचालय बंद होने से उन्हें दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से शौचालय को जल्द चालू कराने की मांग की है। फोटो : राजकुमार वाजपेयी

### सिटी ब्रीफ

#### 81 संविदा महिला परिचालकों का चयन

**अमृत विचार, लखनऊ:** रोडवेज के लखनऊ क्षेत्र में संविदा महिला परिचालकों की भर्ती का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया। सप्रू मार्ग स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में चयन सूची चस्पा की गई, जिसमें कुल 179 आवेदकों में से 81 महिलाओं का चयन किया गया है। जांच के दौरान 98 आवेदन तकनीकी कारणों से निरस्त कर दिए गए। संविदा परिचालकों को माह में 22 दिन ड्यूटी के दौरान पांच हजार किलोमीटर कार्य पूरा करने पर प्रति किलोमीटर 2.16 रुपये पारिश्रमिक तथा तीन हजार रुपये प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा।

#### चारबाग डिपो के नौ संविदा चालक बर्खास्त

**अमृत विचार, लखनऊ:** चारबाग डिपो में तैनात संविदा बस चालकों की लापरवाही पर परिवहन निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। बिना सूचना कई-कई महीनों तक ड्यूटी से गायब रहने वाले नौ संविदा चालकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। चारबाग डिपो के एआरएम बनारसी राम ने बताया कि बर्खास्त किए गए चालकों में अनिल कुमार प्रजापति, देशराज, राजू गुप्ता, राम निवास, रोहित कुमार त्रिवेदी, सचिन कुमार गौतम, संतोष कुमार यादव और सुधीर कुमार द्वितीय शामिल हैं। सभी चालकों को ब्लैकलिस्ट कर दोबारा भर्ती पर रोक लगा दी गई है।

# गली में बना दी दीवार, आवागमन बाधित

## स्नेहनगर निवासियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में की शिकायत, बोले-बराबर लगा रहे समाधान दिवस के चक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकीनाथ हॉल में शुक्रवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस दौरान स्नेह नगर से आए अभय कुमार श्रीवास्तव, आरबी शुक्ला, अवधेश कुमार, पीएस मिश्रा, सुरेश पाल आदि ने बताया कि कानपुर रोड स्थित एम बाजार के पास एक पेंटर ने गली पर कब्जा करके 9 फीट ऊंची दीवार बना दी। इससे स्नेह नगर, अमरुदही बाग व जोधा खेड़ा में रहने वालों हजारों लोगों का आवागमन बाधित है।

इमरजेंसी पड़ने पर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस जैसे वाहन नहीं पहुंच पाते हैं। कई बार सम्बंधित अधिकारियों के अलावा संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अवैध निर्माण पर कार्रवाई नहीं की गई। महापौर ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



नगर निगम के त्रिलोक नाथ हाल में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की समस्याएं सुनतीं महापौर सुषमा खर्कवाल।

### 175 शिकायतों में टैक्स की सर्वाधिक शिकायतें

- समाधान दिवस में कुल 175 शिकायतें आईं। इनमें टैक्स विभाग की सर्वाधिक 117 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग विभाग की 27, जलकल विभाग की 15, मार्ग प्रकाश विभाग की आठ, साफ-सफाई से संबंधित पांच व उद्यान विभाग की तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। महापौर ने निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### एक भवन स्वामी की दो आईडी, 21 हजार बकाया

**केस 1**

- ठाकुरगंज चौक निवासी रशीद मुस्तफा ने बताया कि गृहकर व जलकर की उनके नाम से दो आईडी बना दी। वह एक आईडी का बराबर कर जमा करते आ रहे हैं। दूसरी आईडी की जानकारी नहीं थी। उस पर 21 हजार की बकायेदारी दिखाई तो जानकारी हुई। समाधान दिवस में एक आईडी कैंसिल कर दी गई।

### 839 से 1700 पहुंचा गृहकर

**केस 2**

- विकास नगर से आईं मुन्नी देवी ने बताया कि उनके मकान का वार्षिक गृहकर 839 रुपये आता था, जो वर्ष 2025-2026 तक जमा है। इसके बाद वार्षिक गृहकर 1700 रुपये कर दिया और पिछले वर्षों का जोड़कर 2487 रुपये का बकाया दिखा दिया। जबकि पिछला पूरा भुगतान कर चुके हैं। भवन का मूल्यांकन गलत तरह से किया है।

### फ्लैट का 2020 से लगा दिया गृहकर

**केस 3**

- अवध विहार स्थित मंदाकिनी अपार्टमेंट निवासी देवमति गुप्ता ने बताया कि उनके फ्लैट का मूल्यांकन करके 1 दिसंबर 2020 से वार्षिक 2546 रुपये गृहकर लगा दिया। अब तक का 19,084 रुपये बकाया दिखाया। जमा करने के लिए नोटिस दिया, जबकि महापौर के सख्त निर्देश थे कि भवन का मूल्यांकन वर्ष 2022 से किया जाएगा।

### टोंटी में सालों से पानी नहीं, बिल हर साल

**केस 4**

- तेलीबाग घोषियाना निवासी दान सिंह ने बताया कि उनके घर में कई साल से पेयजल कनेक्शन है। लाइन व टोंटी भी लगी है, लेकिन एक बार भी पानी नहीं आया है। जबकि आसपास के मकानों में बराबर आपूर्ति होती है। कई बार शिकायत कर चुके, लेकिन सुधार नहीं कराया गया। बिना पानी के बिल सालों से भरते आ रहे हैं।

# ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर दौड़ेंगी 'ड्राइवरलेस' ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### लखनऊ मेट्रो

- अत्याधुनिक तकनीकों से लैस होंगी नई मेट्रो
- यात्रियों को मिलेगा सुरक्षित और स्मार्ट सफर

**अमृत विचार :** राजधानी में मेट्रो यात्रा अब और अधिक आधुनिक और सुरक्षित होने जा रही है। लखनऊ मेट्रो फेज-1बी के तहत ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर चलने वाली ट्रेनें पूरी तरह ड्राइवरलेस होंगी। इस दिशा में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने 15 अत्याधुनिक ट्रेन सेट और सिग्नलिंग सिस्टम के डिजाइन व निर्माण के लिए टेंडर जारी किया है। ई-टेंडर की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गयी है।

नई ट्रेनें अनअटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन (यूटीओ) मोड पर चलेंगी, जिससे उनका संचालन पूरी तरह ड्राइवरलेस होगा। यह व्यवस्था कम्युनिकेशन-बेस्ड ट्रेन कंट्रोल (सीबीटीसी) तकनीक पर आधारित होगी। ट्रेनें स्वतः चलेंगी, रुकेंगी और अपनी गति नियंत्रित करेंगी। साथ ही ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर से लगातार संपर्क में रहेंगी, जिससे सुरक्षा और निगरानी बेहतर होगी। यूपीएमआरसी नई ट्रेनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस सिस्टम भी लागू करेगा। इससे ट्रेनों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग और संभावित खराबियों का पहले से पता लगाया जा सकेगा। किसी तकनीकी समस्या का संकेत मिलते ही स्वतः जॉब कार्ड तैयार हो जाएगा। नई मेट्रो ट्रेनों में यात्रियों को हाईटेक सुविधाएं भी मिलेंगी। कोचों में इंफोटेनमेंट स्क्रीन पर लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा होगी।

वहीं सीओ2 सेंसर आधारित एयर कंडीशनिंग सिस्टम यात्रियों की संख्या और वायु गुणवत्ता के अनुसार स्वतः कूलिंग नियंत्रित करेगा। सुरक्षा के लिए सभी कोचों में पैसेंजर इमरजेंसी इंटरकॉम सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे यात्री आपात स्थिति में सीधे ट्रेन ऑपरेटर से संपर्क कर सकेंगे। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि लखनऊ मेट्रो देश की सबसे ऊर्जा-कुशल और विश्वसनीय मेट्रो सेवाओं में शामिल है।

# अवैध ट्रांसफर शुल्क की करें शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेरा ने बिल्डरों के खिलाफ शुरू की ऑनलाइन शिकायत सुविधा
- निर्धारित शुल्क से ज्यादा लेने पर की जाएगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिल्डर या डेवलपर्स पारिवारिक हस्तांतरण में अवैध वसूली करते हैं तो रेरा के पोर्टल पर फॉर्म-एम के माध्यम से शिकायत दर्ज करें। रेरा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। शुक्रवार को अवैध वसूली की शिकायत दर्ज करने के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू कर दी गई।

यह व्यवस्था यूपी रेरा सामान्य विनियम, 2019 में किए गए 10वां संशोधन लागू होने के बाद शुरू की है। स्पष्ट किया कि यदि किसी आवंटी की मृत्यु हो जाती है और उत्तराधिकारी परिवार का सदस्य है, तो बिल्डर अधिकतम एक हजार रुपये तक ही प्रोसेसिंग शुल्क ले सकता है। इसके लिए उत्तराधिकारी को मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र और अन्य जीवित कानूनी वारिसों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा। इसी तरह हस्तांतरण किसी अन्य पारिवारिक सदस्य को किया जाता है तो भी बिल्डर अधिकतम एक हजार रुपये प्रोसेसिंग शुल्क ले सकता है। इसके अलावा यदि उत्तराधिकारी परिवार का सदस्य नहीं है तो बिल्डर अधिकतम 25 हजार रुपये तक ही प्रोसेसिंग शुल्क ले सकता है। यह संशोधन प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी हो गया है। यदि कोई बिल्डर अधिक शुल्क मांगता है तो उसके खिलाफ अब सीधे ई-कोर्ट प्रणाली के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

### पोर्टल पर ऐसे दर्ज करें शिकायत

- up-rera.in पर लॉगिन विकल्प पर क्लिक करें।
- ई-कोर्ट लॉगिन/साइन अप चुनें।
- ओटीपी सत्यापन या ईमेल आईडी और पासवर्ड से लॉगिन करें।
- फार्म-एम के अंतर्गत शिकायत दर्ज करें।
- सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें।
- एक हजार रुपये निर्धारित शिकायत शुल्क जमा करें।

# ट्रॉमा सेंटर के गेट पर तड़पता रहा मरीज, एक घंटे बाद मिली एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जांच के लिए लारी किया गया था रेफर, जहां स्ट्रेचर तक नहीं मिला
- अर्जेंट जांच भी नहीं करा सका संस्थान, पैर का ऑपरेशन टला

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली सामने आई। सड़क हादसे में घायल मरीज को ऑपरेशन से पहले जांच के लिए लारी कॉर्डियोलॉजी भेजा गया, लेकिन एंबुलेंस न मिलने के कारण मरीज करीब एक घंटे तक गेट पर तड़पता रहा। बाद में एंबुलेंस मिलने पर उसे लारी ले जाया गया, जहां जांच भी नहीं हो सकी। नतीजतन मरीज का ऑपरेशन टालना पड़ा।

गोसाईंगंज निवासी विकास झा (35) सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन उन्हें इलाज के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। बाद में मरीज को आर्थोपेडिक विभाग में शिफ्ट कर दिया गया।

दोपहर करीब 12 बजे डॉक्टरों ने ऑपरेशन से पहले टूडी ईको समेत अन्य जरूरी जांचें कराने के लिए मरीज को लारी भेजा। इसके लिए संस्थान की ओर से निःशुल्क संचालित एंबुलेंस एलॉट की गई। आरोप है कि जिस एंबुलेंस का नंबर दिया गया वः परिसर में मौजूद ही नहीं थी। करीब एक घंटे तक इंतजार के बाद भी एंबुलेंस नहीं आई। परिजन मरीज को स्ट्रेचर से लेकर जैसे ही ट्रॉमा सेंटर के गेट तक पहुंचे, वहां तैनात सुरक्षा गार्डों ने उन्हें रोक दिया। गार्डों ने कहा कि मरीज को एंबुलेंस से ही ले जाया जाएगा। इसके बाद परिजन एंबुलेंस के लिए इधर-उधर भटकते रहे। इस बीच मरीज गेट पर ही दर्द से कराहता रहा। काफी मशक्कत के बाद दोबारा से एंबुलेंस आवंटित की गई और मरीज को लारी ले जाया गया, लेकिन वहां भी उसे स्ट्रेचर नहीं मिल सका। जांच न होने से मरीज के पैर का ऑपरेशन टालना पड़ा।

### अर्जेंट लिखने के बावजूद नहीं हुई जांच

- परिजनों के अनुसार ट्रॉमा सेंटर के आर्थोपेडिक विभाग के डॉक्टरों ने मरीज के पर्चे पर जांच के लिए 'अर्जेंट' भी लिखा था। इसके बावजूद कार्डियोलॉजी विभाग में मरीज की जांच नहीं की गई। घंटों इंतजार के बाद मरीज को बिना जांच वापस वार्ड लौटना पड़ा। संस्थान प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने इस मामले की जांच कराने की बात कही है।



ट्रॉमा के गेट के पास एंबुलेंस के इंतजार में स्ट्रेचर पर लेटा मरीज।

**बुरा हाल** केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल के अलार्म भी फेल

# लिफ्ट में 10 मिनट तक फंसे रहे डॉक्टर व कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के शताब्दी फेज-2 में शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा होने से बच गया, जब कर्मचारियों और जूनियर डॉक्टरों से भरी लिफ्ट अचानक दूसरे तल पर फंस गई। कुछ ही देर में लिफ्ट के अंदर लगी लाइट और पंखा भी बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना के दौरान फंसे लोगों ने इमरजेंसी अलार्म बटन दबाकर मदद मांगने की कोशिश की, लेकिन अलार्म भी काम नहीं कर रहा था। इससे अंदर मौजूद लोगों की चिंता और बढ़ गई। करीब दस मिनट तक कर्मचारी और जूनियर डॉक्टर लिफ्ट में फंसे रहे। सूचना मिलने पर अधिकारियों ने आनन-फानन में लिफ्ट ऑपरेटर को मौके पर भेजा। ऑपरेटर ने चाबी की मदद से लिफ्ट खोलकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। शताब्दी फेज-2 में कुल आठ लिफ्ट संचालित हैं। इनमें छह लिफ्ट मरीजों और तीमारदारों के लिए और दो लिफ्ट डॉक्टरों और कर्मचारियों के उपयोग के लिए निर्धारित हैं। शुक्रवार दोपहर करीब 12:15 बजे कर्मचारी और जूनियर डॉक्टर छठे तल की ओर जा रहे थे, तभी लिफ्ट दूसरे तल पर जाकर अचानक बंद हो गई।




दूसरे तल पर अटकी लिफ्ट।

### सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

- घटना ने अस्पताल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि आपातकालीन अलार्म सिस्टम भी निष्क्रिय मिला। लिफ्ट में लिफ्ट कर्मचारी भी मौजूद नहीं था। इस स्थिति में यदि अंदर फंसे किसी की तबीयत बिगड़ती, तो बड़ा संकट खड़ा हो सकता था।

### रखरखाव व्यवस्था में लापरवाही

- संस्थान में लिफ्टों के रखरखाव की जिम्मेदारी बिजली विभाग के पास है। इसके लिए सालाना लाखों रुपये खर्च होते हैं। आरोप है कि लिफ्टों की नियमित और गुणवत्ता पूर्ण मरम्मत नहीं कराई जा रही। इतना ही नहीं, लिफ्ट के भीतर आपात स्थिति में संपर्क के लिए टोल फ्री नंबर या ऑपरेटर का मोबाइल नंबर तक प्रदर्शित नहीं था। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने जांच कराने की बात कही है।

### अतिक्रमण हटाकर वसूला 11,800 जुर्माना

**अमृत विचार , लखनऊ :** नगर निगम ने शुक्रवार को जोन-3 और जोन-7 में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। सामान जब्त करते हुए 11,800 रुपये जुर्माना वसूला। जोन-3 में महादेव होटल से वर्मा पेट्रोल पंप तक अभियान चलाया। जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव के निर्देश पर 296 टीम के सहयोग से महादेव होटल से डिवाइडर रोड होते हुए वर्मा पेट्रोल पंप तक सड़क किनारे अस्थायी कब्जे हटाए। दो गुमटी, एक लोहे का काउंटर जब्त किया। इसके अतिरिक्त 25 से 30 झोपड़-पट्टियां हटाईं। अतिक्रमणकारियों से 11,800 रुपये जुर्माना वसूला। इसी तरह जोन-7 में पॉलीटेक्निक से कमता तक जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में नाला, नालियों और सड़कों की दोनों पट्टियों से अतिक्रमण हटाया।

# केजीएमयू : दंत संकाय में लगी आग से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ओरल पैथोलॉजी विभाग में एसी फटने के बाद धुएं से घुटा दम, बीडीएस
- एमडीएस छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के दंत संकाय स्थित ओरल पैथोलॉजी विभाग में शुक्रवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना उस समय हुई जब विभाग के सेमिनार हॉल और क्लासरूम में बीडीएस व एमडीएस छात्र-छात्राओं की कक्षाएं चल रही थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुराने डेंटल भवन के चौथे तल पर संचालित विभाग में सुबह करीब साढ़े 11 बजे अचानक एसी में तेज धमाका हुआ। कुछ ही देर में क्लासरूम, गैलरी, सेमिनार हॉल और क्लीनिक धुएं से भर गए। अचानक छाए अंधेरे और धुएं के कारण विभाग में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी गुप्ता ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए खिड़कियां खुलवाईं और कर्मचारियों को बिजली की मुख्य लाइन बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने खुद फायर एस्टिंग्यूसर की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी बीच डॉक्टरों और कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं को सीढ़ियों के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाला। धुएं और गर्मी के कारण कुछ छात्राओं की तबीयत भी बिगड़ गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण एसी में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### वायरिंग और फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच की मांग

- घटना के बाद दंत संकाय प्रशासन ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर पुराने भवनों में लगे एयर कंडीशनर, विद्युत वायरिंग और फायर सेफ्टी सिस्टम की स्थिति पर चिंता जताई है। पत्र में कहा गया है कि भवन में लगे अधिकांश एसी काफी पुराने हो चुके हैं और मरम्मत के सहारे चल रहे हैं। भीषण गर्मी में इनके ओवरहीटिंग और शॉर्ट सर्किट की आशंका लगातार बनी रहती है। प्रशासन ने भवनों में स्थापित वातानुकूलित यंत्रों, विद्युत पैनल, वायरिंग और फायर अलार्म सिस्टम का तत्काल निरीक्षण कराने की मांग की है। साथ ही सुरक्षा संबंधी कमियां मिलने पर तुरंत मरम्मत और फायर सेफ्टी सिस्टम को सक्रिय करने के निर्देश देने की अपील की गई है। पत्र में यह भी कहा गया है कि कर्मचारियों और शिक्षकों को फायर सेफ्टी नियमों का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# पहले को बचाने में गई दूसरे मजदूर की भी जान

## एक घंटे तक नहीं पहुंची राहत टीम, पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दीवार तोड़कर निकाले शव

संवाददाता, माल

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के नवीपनाह गांव में शुक्रवार को सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत हो गई। कोई हलचल की आवाज न होने पर वहां अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस, दमकल और एसडीआरएफ को सूचना दी गयी। देरी के चलते पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दीवार तोड़कर दोनों मजदूरों को अचेत हालत में निकालकर सीएचसी पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण, गैस जांच या आक्सीजन व्यवस्था के टैंक में उतारा गया था।

गांव निवासी रमेश सिंह के निर्माणाधीन मकान के बाहर बने नए सेप्टिक टैंक की सफाई का काम चल रहा था। गांव का ही रिंकू (35) बिना सुरक्षा उपकरण के टैंक में उतरा। काफी देर तक जब उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो बाहर मौजूद मजदूरों ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इस पर राजेश (35) उसे देखने के लिए टैंक में उतर गया। जहरीली गैस और आक्सीजन की कमी के कारण वह


घटना की सूचना मिलने पर रोते बिलखते परिजन, मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी। अमृत विचार


मृतक रिंकू की पत्नी व बेटा। अमृत विचार

- बिना सुरक्षा उपकरण के उतरे थे मजदूर, माल के नवीपनाह गांव की घटना

भी बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि तीसरे मजदूर को भी अंदर उतरने से रोका गया।

करीब 10 मिनट बाद अंदर से कोई आवाज और हलचल न आने पर रमेश सिंह के परिजन और आसपास के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। बिना देर किए डॉयल-112 पर सूचना दी गयी।

### टैंक में जमा होती है हाइड्रोजन सल्फाइड व मीथेन गैस

■ सेप्टिक टैंक और सीवर सफाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट से लेकर सरकार तक सख्त नियम बना चुकी है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सीधे जहरीले टैंक में उतार दिया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सेप्टी टैंक में मीथेन, हाइड्रोजन सल्फाइड, अमोनिया, कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें जमा हो जाती हैं, जिससे चंद मिनटों में ही व्यक्ति की मौत हो सकती है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल व एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया, लेकिन राहत टीम समय पर नहीं पहुंच सकी। करीब एक घंटे तक इंतजार के बाद ग्रामीणों ने खुद टैंक की खुदाई शुरू की। पुलिस ने ग्रामीणों ने खुद फावड़े और बेल्चे से टैंक की दीवार तोड़ी। शाम करीब पांच बजे दोनों मजदूरों को अचेत हालत में बाहर निकाला गया।

आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी मलिहाबाद अंकित कुमार व तहसीलदार केशव सिंह भी सीएचसी पहुंचे। चिकित्साधिकारी डॉ. वसीम खान ने बताया कि दोनों की मौत दम घुटने से हुई है। शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। टैंक में जहरीली गैस होने की आशंका भी जताई गई है। एसएसआई मो. रोशन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सटीक वजह स्पष्ट होगी। पीड़ित परिवार ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

उपजिलाधिकारी अंकित मौर्य ने सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। मृतक राजेश के परिवार में मां श्यामा देवी, पत्नी सरोजनी, एक बेटा अयांश और बेटी परी हैं, जबकि रिंकू के परिवार में मां कांति, पत्नी रिंकी व तीन साल का बेटा कार्तिक है। हादसे के बाद दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पूर्व पत्नी के पति पर चाकू से किए ताबड़तोड़ वार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग स्थित रेलवे आरक्षण केंद्र के सामने पूर्व पत्नी के पति पर युवक ने गुरुवार देर रात चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। कई वार लगने से पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हुसैनगंज पुलिस ने घायल की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीजीआई तेलीबाग वृंदावन कॉलोनी सेक्टर 26 निवासी परवीन ने बताया कि उनका बेटा आसिफ और पत्नी चांदनी चारबाग इलाके में रहते हैं। चांदनी पूर्व में समीर खान उर्फ बल्ली की पत्नी थी। इसी बात को लेकर समीर उनके बेटे से रंजिश रखता है। गुरुवार रात करीब 1 बजे चांदनी और आसिफ चारबाग रेलवे आरक्षण केंद्र के सामने बैठे थे। इस दौरान समीर वहां पर पहुंच गया। समीर और आसिफ के बीच बहस होने लगी। बात बढ़ी तो उनके बीच मारपीट हो गयी। इस बीच आरोपी समीर ने चाकू निकालकर ताबड़तोड़ वार कर दिए। पेट और दोनों हाथों पर चाकू लगने से आसिफ खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित मां ने हुसैनगंज कोतवाली में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## सिटी ब्रीफ

### करंट की चपेट में आने से गाय की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी के पारा क्षेत्र के सलेमपुर पतौरा के मजरा सूरजकुंड खेड़ा जाने वाली नहरिया के किनारे लगे लगभग ढाई सौ केवी ट्रांसफॉर्मर के करंट की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद क्षेत्र में ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर के आसपास लंबे समय से करंट उतरने की शिकायत की जा रही थी, लेकिन संबंधित विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते कदम उठाए जाते तो इस हादसे को टाला जा सकता था। घटना के बाद स्थानीय निवासी अनिल ने बताया कि मामले की जानकारी कई बार विभागीय कर्मचारियों को दी गई थी, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की गई। हादसे के बाद क्षेत्र के पशुपालकों में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग कि ट्रांसफॉर्मर की तत्काल जांच कर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

### सर्राफ ने हड़पे 5.73 लाख रुपये और रिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर इलाके में एक सराफ कारोबारी पर बैंक मैनेजर से करीब पौने सात लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। आरोपी ने कारोबार और बीमारी का हवाला देकर 5 .73 लाख रुपये उधार लिए, वहीं सफाई के बहाने दो लाख रुपये कीमत की डायमंड रिंग भी हड़प ली। सुशांत गोल्फ सिटी के मंदाकिनी एंक्लेव निवासी सौरभ सोनकर इंडियन ओवरसीज बैंक की बिजनौर रोड शाखा में मैनेजर हैं। उनके बैंक में सरोजनीनगर निवासी सुनील कुमार वर्मा का खाता है, जिसकी खाटू श्याम ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। बैंक आने-जाने के दौरान दोनों में परिचय हो गया। आरोप है कि सुनील ने कारोबार और बीमारी के नाम पर कई बार में 5,73,050 रुपये उधार ले लिए। अप्रैल 2025 में आरोपी ने सौरभ की डायमंड रिंग साफ कराने के बहाने ले ली। तीन माह बाद भी रिंग वापस नहीं की। रुपये और अंगूठी वापस मांगने पर आरोपी फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सीए बनकर व्यापारी से ठगे 13 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : जीएसटी पंजीकरण कराने का झांसा देकर एक जालसाज ने व्यापारी से 13 .02 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने खुद को चार्टर्ड अकाउंटेंट बताकर व्यापारी का भरोसा जीता और जीएसटी जमा कराने के नाम पर रुपये ऐंठता रहा। बाद में उसने पीड़ित को जाली रसीदें थमा दीं। फर्जीवाड़ा सामने आने पर रकम वापस मांगने पर आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया। मूल रूप से चंदौली निवासी व्यवसायी अंकित कुमार ऐशबाग के मालवीयनगर में रहते हैं। उनकी मुलाकात दिग्विजय ठाकुर से हुई, जिसने खुद को सीए बताते हुए जीएसटी पंजीकरण कराने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने विभाग में अच्छी पकड़ होने की बात कहकर अंकित से व्यापार संबंधी दस्तावेज ले लिए। आरोप है कि 12 अगस्त 2022 से 26 अक्टूबर 2023 के बीच दिग्विजय ने जीएसटी जमा कराने के नाम पर 13,02,717 रुपये ले लिए और फर्जी रसीदें देता रहा। बाद में विभाग में जांच कराने पर रसीदें जाली निकलीं। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर विभूतिखंड पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जाली दस्तावेज तैयार करने और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वृद्धा की चेन लूटने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा पुलिस ने राह चलती महिलाओं और बुजुर्गों की चेन लूटने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लूटी गयी चेन और मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को जेल भेज दिया। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि राजाजीपुरम सेक्टर-11 ई-ब्लॉक निवासी 67 वर्षीय उर्मिला श्रीवास्तव 29 अप्रैल को दवा लेकर घर लौट रही थीं। मोहन भोग चौराहे के पास पीछे से आए बदमाश ने उनके कंधे पर हाथ रखा और मौका पाकर चेन लूटकर फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर कुलदीप उपाध्याय के मुताबिक पुलिस टीमों ने घटनास्थल के आसपास लगे 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के आधार पर गुरुवार रात ग्रीन बेल्ट पार्क के पास से आरोपी सुमित गुप्ता उर्फ कृष्णकांत को गिरफ्तार कर लिया गया।

## दरोगा भर्ती परिणाम को लेकर एक्स पर डाली भ्रामक पोस्ट, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार , लखनऊ :** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 के परीक्षा परिणाम को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट वायरल करने का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के निरीक्षक राजेश उपाध्याय ने हुसैनगंज कोतवाली में एक्स हैंडल धारक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस साइबर सेल की मदद से मामले की जांच कर रही है।

एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि भर्ती बोर्ड का सोशल मीडिया सेल परीक्षा से लेकर परिणाम तक व्हाट्सएप्प, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और टेलीग्राम पर नजर रखे हुए है। निगरानी के दौरान एसआई राधा पासवान नाम के एक्स हैंडल से एक भ्रामक पोस्ट वायरल मिली। जांच में पता चला कि पोस्ट 30 अप्रैल को अपलोड की गयी थी। इसमें स्कोर कार्ड जारी करने, 4543 पदों में 2000 पद बढ़ाने और वेटिंग लिस्ट जारी करने की मांग की गयी थी।

## ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मलिहाबाद कस्बा स्थित रेलवे ट्रैक पर गुरुवार देर रात युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन से पुलिस ने परिवारवालों को सूचना दी। शुक्रवार सुबह पिता ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त की। खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

मलिहाबाद कस्बा निवासी मजदूर संजय निगम का इकलौता बेटा राहुल (23) गांव के गोशाला में मजदूरी करता था। परिवार में मां गुड़िया है। पिता ने बताया कि रोजाना की तरह गुरुवार को भी राहुल घर से गोशाला के लिए निकला था। शाम को राहुल ने पिता को फोन कर बताया कि वह घर पहुंच गया है। इसके बाद वह कहीं निकल गया। रात तक वापस न लौटने पर परिजन ने राहुल की खोजबीन शुरू की लेकिन राहुल का कुछ पता नहीं चला।

शुक्रवार सुबह पुलिस ने राहुल के मोबाइल से संजय को फोन कर घटना की जानकारी दी। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजन आनन-फानन में पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। वहां पिता ने शव की शिनाख्त बेटे राहुल के रूप में की। पुलिस ने परिवारवालों को बताया कि राहुल का शव मलिहाबाद कस्बे के पीछे रेलवे लाइन पर मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को छानबीन के दौरान एक मोबाइल फोन मिला था। उसमें लॉक लगा हुआ था। दरोगा ने एक, दो, तीन, चार नंबर डाला तो मोबाइल का लॉक खुल गया। पुलिस ने डॉयल लिस्ट के अंतिम नंबर पर कॉल की तो वह पिता का था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार मामा की मौत, भांजा घायल

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र स्थित सीतापुर-लखनऊ हाईवे में शुक्रवार तड़के बेकाबू कार ने साइकिल सवार मामा-भांजे को टक्कर मार दी। हादसे में मामा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साइकिल में पीछे बैठा भांजा उछलकर खंती में जा गिरा। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। पीछे से आ रहे साथियों ने हादसा देखकर परिजन व डॉयल-112 पर सूचना दी। बीकेटी पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

मूल रूप से सीतापुर तंबौर स्थित बैरागीपुर निवासी रामू (45) गुडंबा के कल्याणपुर इलाके में किराए पर रहता था। परिवार में पत्नी रामा, चार बेटी व दो बेटे हैं। रामू और उसका भांजा विजय निवासी सैयतियपुर नरेशन ब्लू होटल में मजदूरी करते थे मृतक के छोटे भाई मैकू ने बताया कि गुरुवार को रामू विजय के साथ किसान पथ के पास

- मजदूरी कर तड़के घर लौटते समय हुआ हादसा
- हादसे के बाद कार चालक फरार



स्थित होटल में काम करने गया था। शुक्रवार तड़के काम खत्म करने के बाद दोनों साइकिल से गुडंबा स्थित कमरे पर जा रहे थे।

करीब तीन बजे बीकेटी इलाके में पीछे से आई कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल में पीछे बैठा विजय खंती में जा गिरा और रामू सड़क पर गिरा। भागने के चक्कर में कार चालक ने रामू को रौंदते हुए फरार हो गया। पीछे से आ रहे साथियों ने रामू का लहूलुहान शव देखा तो पुलिस और परिजन को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रामू का शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि परिजन ने अभी कोई तहरीर नहीं है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पेंटर की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीबीडी थाना क्षेत्र के जुग्गौर हाईवे पर गुरुवार देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा साथी घायल हो गया। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

जुग्गौर गांव निवासी सुमित कुमार यादव (25) पेंटर था। चचेरे भाई पवन ने बताया कि गुरुवार को सुमित काम के लिए निकला था। देर रात साथी उमेश के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों उछलकर सड़क पर जा

- बीबीडी स्थित जुग्गौर हाईवे पर हुई घटना
- कैमरों के फुटेज खंगाल रही पुलिस



गिरे। सिर पर चोट लगने से सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। इस बीच राहगीर ने डॉयल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल उमेश को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## मास्क लगाकर खुद को बताया टीबी मरीज, जेवर लेकर भागा बदमाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार इलाके में ग्राहक बनकर आए एक बदमाश ने ज्वैलर्स की दुकान से तीन जोड़ी झुमकी और एक सोने का पैंडल लेकर फरार हो गया। सराफ और आसपास के दुकानदारों ने आरोपी का पीछा किया, लेकिन वह भाग निकला। मास्क लगाए आरोपी ने खुद को टीबी मरीज बताकर सराफ का भरोसा जीता था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी की करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है।

- ज्वैलर्स दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ आरोपी
- सर्राफ ने गोमतीनगर विस्तार थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

मूल रूप से बिहार के सिवान निवासी सराफ व्यवसायी मुन्ना कुमार परिवार के साथ छोटा भरवारा स्थित भोला चौराहे के पास किराये के मकान में रहते हैं। उनकी विज्ञानखंड में मंगलम ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। मुन्ना कुमार के मुताबिक कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर एक कॉल आयी थी। फोन करने वाले ने पत्नी के टूटे हुए पैंडल और झुमके बदलवाने की बात कही थी। इसके बाद आरोपी कई बार दुकान पर आया और भरोसा जीतने की कोशिश करता रहा।

7 मई की शाम करीब सात बजे युवक मास्क पहनकर दुकान पर पहुंचा। उसने कहा कि उसे टीबी की बीमारी है और डॉक्टर की सलाह पर मास्क लगाता है। सराफ ने उसे देखने के लिए दो पैंडल और तीन जोड़ी झुमकी सामने रखीं। इसी दौरान आरोपी मौका पाकर एक पैंडल और तीन जोड़ी झुमकी उठाकर भाग निकला।

इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## विवाद में दबंग ने ऑटो चालक को मारा चाकू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मानकनगर स्थित आरके मैरिज लॉन के पास सवारी के विवाद में दबंग ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक पर चाकू से हमला कर दिया। ताबड़तोड़ वार सीने व हाथ पर लगने से चालक खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ऑटो लेकर भाग निकला। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मानकनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

पारा के बुद्धेश्वर निवासी 20 वर्षीय शाबान ऑटो चालक है। 7 मई की शाम वे सिंगारनगर स्थित

- सीने व हाथ पर चाकू लगने से युवक घायल, ट्रामा सेंटर में भर्ती
- जानकारी मिलते ही परिवारवाले पहुंचे अस्पताल
- मानकनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज, आरोपी ऑटो चालक की तलाश में दबिशें

आरके मैरिज लॉन के पास ऑटो में सवारी भर रहा था। इसी दौरान वहां एक ऑटो (यूपी 32 एक्सएन 6041) आया और सवारियां अपने ऑटो में बैठाने लगा। इसी बात पर उनके बीच विवाद हो गया। बात बढ़ने पर ऑटो चालक सूरज ने चाकू निकालकर शाबान पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हाथ व सीने पर चाकू लगने से वह लहूलुहान होकर सड़क पर




गिर पड़ा। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी।

डरकर सवारियां इधर-उधर भागने लगी। चींखपुकार होने पर अन्य ऑटो व ई-रिक्शा चालक मदद के लिए दौड़े तो आरोपी सूरज धमकाते हुए ऑटो लेकर भाग निकला। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारवाले भी अस्पताल पहुंचे। घायल के भाई सद्दाम ने डॉयल-112 पर सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन की। घायल ने बताया कि आरोपी सूरज आलमबाग गुरुद्वारा मानकनगर का रहने वाला है। शाबान की तहरीर लेकर सद्दाम मानकनगर थाने पहुंचा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर देर रात सूरज के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश में दबिशें दी जा रही है।

जालसाजी | साइबर सेल व सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## एप से बनाया आईपीएल का जाली टिकट, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चैट जीपीटी और कोरल ड्रॉ एप की मदद से आईपीएल के फर्जी टिकट तैयार कर दर्शकों से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस और साइबर क्राइम सेल ने पर्दाफाश किया है। संयुक्त टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं।

डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि जालौन उरई निवासी प्रदीप सिंह इकाना स्टेडियम में एलएसजी और आरसीबी का मैच देखने पहुंचे थे। स्टेडियम के बाहर मिले युवक से उन्होंने दो टिकट खरीदे



- फर्जी टिकट बेचकर लोगों से करते थे ठगी
- सभी आरोपी छत्तीसगढ़ के रहने वाले

और यूपीआई से एक हजार रुपये का भुगतान किया। गेट पर बारकोड जांच के दौरान टिकट फर्जी निकले, जिसके बाद पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में शिकायत दर्ज करायी।

जांच के दौरान शुक्रवार शाम पुलिस ने दोदनखेड़ा चौराहे के पास से दुर्ग निवासी श्रीकांत बोरकर, नूतन कुमार साहू, राजेंद्र चौधरी और विश्वजीत साहू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया से असली टिकट की फोटो लेकर उसे एडिट किया और चैट जीपीटी से टिकट की साइज व पेपर क्वालिटी की जानकारी जुटायी। इसके बाद कोरल ड्रॉ एप से हूबहू फर्जी टिकट तैयार किए।

आरोपियों ने बताया कि पहले दिल्ली में फर्जी टिकट बेचने का प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद लखनऊ आकर इकाना स्टेडियम के बाहर टिकट बेचने लगे। पुलिस ने आरोपियों के पास से लैपटॉप, 15 फर्जी टिकट, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

## मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चला अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर, सायरन तथा प्रेशर और मल्टीटोंड हॉर्न के खिलाफ शुक्रवार को परिवहन विभाग ने अभियान चलाया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में अमौसी और आलमबाग स्थित बुलेट शोरूम व सर्विस सेंटरों पर जांच की गयी। कार्रवाई के दौरान 11 वाहनों का चालान किया गया, जबकि एक वाहन सीज कर दिया गया।

परिवहन अधिकारियों के मुताबिक जांच में अधिकांश बुलेट मोटरसाइकिलों में अवैध रूप से मोडिफाइड साइलेंसर लगे मिले। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे उपकरण



आलमबाग सर्विस सेंटर पर कार्रवाई करते एआरटीओ आलोक यादव। अमृत विचार

ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं।

एआरटीओ आलोक यादव ने बताया कि अमौसी और आलमबाग स्थित बुलेट सर्विस सेंटर संचालकों को सख्त चेतावनी दी गयी है। उन्हें वाहनों में अवैध छेड़छाड़ न करने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन पर भारी जुर्माना और कारावास का प्रावधान है। अभियान में पीटीओ आभा त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### 11 को अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा का सम्मेलन

**अमृत विचार, लखनऊ:** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा की ओर से कार्यकर्ताओं का सम्मेलन और सम्मान समारोह 11 मई को राय उमानाथ ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 11 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी करेंगे। सम्मेलन में देश-प्रदेश के साधु-संत, विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा 10 मई से विभिन्न राज्यों और जिलों से कार्यकर्ताओं का आगमन शुरू हो जाएगा। सम्मेलन में संगठन विस्तार, आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव तथा हिन्दूवादी विचारधारा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

### अखिल भारतीय पर्वतीय उत्तराखण्ड महापरिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ:** अखिल भारतीय पर्वतीय उत्तराखण्ड महापरिषद की बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कैलाश उपाध्याय को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। डॉ. योगेश तिवारी मुख्य संयोजक बने जबकि दिव्य नौटियाल, डॉ. समता बाफिला और डॉ. आरसी उप्रेती संयोजक नियुक्त हुए। गोपाल सिंह गैलाकोटी महासचिव, डॉ. कुमुद उपाध्याय सचिव व उत्तराखण्ड प्रभारी बने। उमेश कैड़ा कोषाध्यक्ष बनाए गए। संगठन ने देशभर में विस्तार और पर्वतीय समाज के मुद्दों को मजबूत मंच देने का संकल्प लिया। गैलाकोटी ने नैनीताल एक्सप्रेस पुनः शुरू कराने के लिए जनआंदोलन की बात कही। बैठक में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी की।

### सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान, मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुषमा खर्कवाल ने सेवानिवृत्त द्वितीय श्रेणी लिपिक गोमती प्रसाद, सेनेटरी सुपरवाइजर नरेश कुमार, सफाईकर्मी सुख देवी, शीला, विद्या व सुशीला को सम्मानित करके विदाई दी। साथ ही मृतक आश्रित मानसी भारती को अनुचर पद पर व बृजेश कुमार को माली पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर कार्यकारणी सदस्य अरुण राय, पार्षद संजय सिंह राठौर, पार्षद प्रतिनिधि राम कुमार वर्मा, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, मुख्य लेखा अधिकारी महामिलिंद लाल आदि रहे।

# केजीएमयू में शुरुआती पांच हार्ट ट्रांसप्लांट होंगे मुफ्त

## कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया निर्णय, आर्थिक तंगी किसी मरीज के इलाज में न बने बाधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में दिल के प्रत्यारोपण की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुरुआती पांच हार्ट ट्रांसप्लांट निशुल्क करने का फैसला लिया है, ताकि आर्थिक तंगी किसी मरीज के इलाज में बाधा न बने। यह निर्णय शुक्रवार को कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि कार्डियो वैस्कुलर थोरैसिक सर्जरी विभाग को हार्ट ट्रांसप्लांट का लाइसेंस पहले ही मिल चुका है।

विभाग में जरूरी उपकरण, संसाधन और प्रशिक्षित डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता भी सुनिश्चित है। ब्रेन डेड मरीजों से प्राप्त हृदय को जरूरतमंद मरीजों में प्रत्यारोपित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि करीब तीन माह पहले भी हार्ट ट्रांसप्लांट की तैयारी की गई थी, लेकिन प्रत्यारोपण से पहले ही मरीज की मौत हो जाने से प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। प्रवक्ता के अनुसार निजी अस्पतालों में हार्ट ट्रांसप्लांट पर लगभग एक करोड़ रुपये तक खर्च आता है, जबकि सरकारी संस्थानों में यह प्रक्रिया 12 से 15 लाख रुपये में संभव है। फिलहाल केजीएमयू में प्रत्यारोपण शुल्क तय नहीं किया गया है, लेकिन शुरुआती पांच मरीजों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। संस्थान में जल्द ही ट्रांसप्लांट शुरू कराया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा एनीमल हाउस

- केजीएमयू प्रशासन ने शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए फार्माकोलॉजी विभाग स्थित एनीमल हाउस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने का निर्णय लिया है। यहां दवा अनुसंधान के लिए उपयोगी पशु-पक्षियों को रखा जाएगा। वर्तमान में एनीमल हाउस में चूहों सहित अन्य जानवर मौजूद हैं। इसके अलावा कार्यपरिषद ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान और मानकीकरण संबंधी प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की।

### केजीएमयू में छेड़छाड़ मामले में एडिशनल प्रोफेसर पर कार्रवाई तेज

- बाल रोग विभाग के एक एडिशनल प्रोफेसर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर द्वारा लगाए गए छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार के आरोपों को विशाखा कमेटी ने सही पाया है। इसके आधार पर विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने आरोपी डॉक्टर को चार्जशीट जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 11 फरवरी 2026 को एमडी की एक जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर ने एडिशनल प्रोफेसर पर गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायत मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आरोपी डॉक्टर को निलंबित कर विभाग से संबद्ध कर दिया था। मामले की जांच के लिए सात सदस्यीय विशाखा कमेटी गठित की गई थी। जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने के बाद कार्यपरिषद ने आरोपी से जवाब-तलब करते हुए तीन माह के भीतर विभागीय कार्रवाई पूरी करने का निर्णय लिया है। इसी बैठक में ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चन्द्रा पर लगाए गए कई प्रतिबंध हटाने का भी फैसला लिया गया।

## तीन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी बने निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश शासन ने प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अपर निदेशक स्तर के तीन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को पदोन्नति देते हुए निदेशक पद पर नियुक्त किया है। शासन की ओर से शुक्रवार को जारी आदेशानुसार डॉ. योगेश प्रकाश अग्रवाल, डॉ. राजीव कुमार गुप्ता और डॉ. बृजेश कुमार सिंह चौहान को प्रोन्नत किया गया है। आदेश सचिव ऋतु माहेश्वरी द्वारा जारी किया गया। प्रोन्नत अधिकारियों में शामिल डॉ. बृजेश कुमार सिंह चौहान इससे पहले लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# विकास की आधारशिला है जनगणना : शर्मा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जनगणना-2027 के प्रथम चरण की नगर निगम में की शुरुआत
- नगर विकास मंत्री और महापौर ने स्वयं की परिवार की गणना
- अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार :** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं बल्कि देश के विकास की मजबूत आधारशिला है। जनगणना से सरकार को जनसंख्या, आवास, संसाधनों एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। सभी नागरिक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें।

नगर विकास मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित झंडी पार्क में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया गया। नगर विकास मंत्री व महापौर ने स्वयं अपने परिवार की डिजिटल स्व-गणना करके लोगों को प्रेरित किया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों से स्व-गणना करने की अपील की। पार्षदों और अधिकारियों ने स्व-गणना की। इस अवसर पर जनगणना निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा, नगर आयुक्त गौरव कुमार, पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी', अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, डॉ. अरविन्द कुमार राय समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निदेशक शीतल वर्मा ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से डिजिटल स्व-गणना करने की जानकारी दी। कहा कि नागरिक घर बैठे ऑनलाइन हिंदी सहित विभिन्न भाषाओं में दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्येक परिवार को एक विशेष आईडी प्राप्त होगी, इसका उपयोग सत्यापन में किया जाएगा। कार्यक्रम में डिजिटल तकनीक के माध्यम से जनगणना को सरल एवं सुगम बनाने पर बल दिया गया।




गणना का शुभारम्भ करते नगर विकास मंत्री एके शर्मा महापौर सुषमा खर्कवाल जनगणना निदेशालय की निदेशिका शीतल वर्मा।

### जनगणना को लेकर स्वास्थ्य संस्थानों के नोडल अधिकारियों संग हुई बैठक

- **अमृत विचार, लखनऊ:** जनगणना-2027 के अंतर्गत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्व-गणना प्रस्तुत की। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग में जनगणना कार्य को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इससे पहले गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। सीएमओ कार्यालय में हुई बैठक में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, जिला अस्पतालों व ग्रामीण एवं शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के जनगणना के लिए नामित नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 7 मई से स्व-गणना प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आमजन तक इसकी जानकारी पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नामित नोडल अधिकारियों की जानकारी निर्धारित गूगल लिंक पर शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. संदीप सिंह को सह-नोडल अधिकारी और योगेश रघुवंशी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। बैठक में सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




बैठक में शामिल सीएमओ और नोडल अधिकारी।

## विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने हिंदू बेटियों के अपहरण पर जताया आक्रोश

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद की ओर से शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने हिंदू बेटियों के कथित अपहरण और धर्मांतरण के मामलों पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि लव जिहाद के साथ अब दिन-दहाड़े बेटियों का अपहरण गंभीर विषय बन गया है। संगठन ने आरोप लगाया कि दो मई को दुबग्गा क्षेत्र से परिषद की एक महिला पदाधिकारी की 18 वर्षीय बहन का नशीला पदार्थ खिलाकर अपहरण कर लिया गया। परिजनों ने पीलीभीत निवासी युवक और उसके साथियों पर आरोप लगाते हुए युवती की बरामदगी और गिरफ्तारी की मांग की है।

प्रेस वार्ता में गोरखपुर निवासी एक व्यक्ति ने भी पत्नी को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने और संपत्ति कब्जाने का आरोप लगाया। गोपाल राय ने दावा किया कि संगठन ने कई मामलों में पुलिस की मदद से पीड़ित महिलाओं को बरामद कराया है। उन्होंने बताया कि धर्मांतरण विरोधी अभियानों के चलते संगठन पदाधिकारियों को लगातार धमकियां भी मिल रही हैं।

# उपकरण खरीद में देरी पर दोबारा जवाब-तलब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैंसर संस्थान पर शासन सख्त 15 दिन बाद भी रिपोर्ट न देने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में उपकरणों और फर्नीचर की खरीद में कथित लापरवाही को लेकर शासन ने सख्त रुख अपनाया है। शिकायतों के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने संस्थान प्रशासन से दोबारा जवाब-तलब किया है। शासन ने दो दिन में रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन 15 दिन से अधिक समय गुजरने के बाद भी संस्थान प्रशासन ने जवाब देना जरूरी नहीं समझा।

चक गंजरिया स्थित कैंसर संस्थान में मरीजों के उपचार से जुड़े जरूरी संसाधनों की खरीद में लगातार हो रही देरी पर शासन ने नाराजगी जताई है। जानकारी के अनुसार, उपकरण और फर्नीचर खरीद के लिए शासन ने 9 अक्टूबर 2025 को 19 करोड़ रुपये जारी किए थे। बावजूद इसके संस्थान प्रशासन ने बजट खर्च करने में गंभीरता नहीं दिखाई। परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक खरीद प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और 31 मार्च के बाद बजट वापस लौटाना पड़ा।

मामले को गंभीरता से लेते हुए शासन ने टेंडर प्रक्रिया में देरी और कथित अनियमितताओं पर रिपोर्ट मांगी थी। जेम पोर्टल के नियमों को दरकिनार कर कस्टम बिड प्रक्रिया अपनाने को लेकर भी सवाल उठाए गए। इस संबंध में 22 अप्रैल को संस्थान प्रशासन को पत्र भेजा गया था, लेकिन निर्धारित समय के भीतर जवाब नहीं दिया गया।

अब चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव आनंद कुमार त्रिपाठी ने 7 मई को दोबारा पत्र जारी कर उपकरण खरीद में देरी, टेंडर प्रक्रिया और संभावित गड़बड़ियों पर विस्तृत जवाब मांगा है। शासन का नया पत्र संस्थान पहुंचते ही प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई है। सूत्रों के मुताबिक मामले में अब लीपापोती की कोशिशें भी शुरू हो गई हैं।

# बेदखली के बाद भी खलिहान भूमि पर कब्जा बरकरार

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- नोटिस के बावजूद सरकारी जमीन खाली न होने पर ग्रामीणों में नाराजगी

**अमृत विचार :** बख्शी का तालाब तहसील के मानपुर लाला गांव में खलिहान की सरकारी भूमि पर कब्जे का मामला प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। राजस्व विभाग द्वारा बेदखली की कार्रवाई और नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अब तक जमीन कब्जा मुक्त नहीं करायी जा सकी है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार गाटा संख्या 205, रकबा 0.1010 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के रूप में दर्ज है। आरोप है कि इसी भूमि के एक हिस्से पर गांव निवासी राकेश ने अवैध कब्जा कर रखा है। राजस्व विभाग ने कब्जाधारी के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई पूरी करते हुए जमीन खाली करने का नोटिस भी जारी किया, लेकिन अब तक कब्जा नहीं हटाया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन गंभीर होता तो नोटिस जारी होने के बाद तत्काल सरकारी भूमि खाली करा ली जाती। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय ढिलाई के कारण कार्रवाई लंबित है।

## डीए व डीआर भुगतान जल्द जारी करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने राज्य सरकार से कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए 1 जनवरी 2026 से देय दो प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) का शासनादेश जल्द जारी करने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष अमरनाथ यादव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा ने मुख्यमंत्री से कहा कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को डीए और डीआर का भुगतान कर चुकी है, जबकि उत्तर प्रदेश में अब तक आदेश जारी नहीं हुआ है। इससे कर्मचारियों और पेंशनरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# कर्मियों को वेतन न मिलने से संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो माह से मानदेय लंबित मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत कार्यरत कर्मचारियों को मार्च माह से मानदेय न मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश भर में तैनात कर्मचारी परिवार का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और इलाज जैसी जरूरतें पूरी करने के लिए परेशान हैं। लगातार वेतन न मिलने से कर्मचारियों में मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है।

उत्तर प्रदेश क्षयरोग वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन अभियान में कर्मचारी पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, लेकिन दो माह से वेतन न मिलने से परिवारों की स्थिति खराब हो गयी है। संघ के अनुसार कई कर्मचारियों के बच्चों की स्कूल फीस लंबित है, जबकि कुछ परिवारों के सामने भोजन तक का संकट खड़ा हो गया है। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत होने के बावजूद कर्मचारियों को आयुष्मान जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। संघ ने मुख्यमंत्री से लंबित मानदेय जल्द जारी कराने और संविदा कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## सिटी डायरी



प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए निदेशक प्रो. सीएम सिंह।

### नर्सिंग अधिकारियों ने बेकार वस्तुओं से तैयार की कलाकृतियां

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रचनात्मक एवं जागरूकता आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें नर्सिंग अधिकारियों ने भाग लेते हुए स्वास्थ्य, पोषण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शुक्रवार को कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें नर्सिंग अधिकारियों ने बिना आग और गैस का उपयोग किए विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार किए, जिन्होंने प्रदर्शनी में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों का ध्यान आकर्षित किया। संस्थान की मुख्य नर्सिंग अधिकारी सुमन सिंह ने अपने संबोधन में संतुलित आहार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बिना आग के भी पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए जा सकते हैं।



ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में डाक कर्मी को प्रमाण पत्र देते अधिकारी।

### पूर्व सैनिकों के घरों पर डाक से पहुंचेंगी दवाएं

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों को डाक से घर-घर दवाएं पहुंचाई जाएंगी। शुक्रवार को लखनऊ और रायबरेली स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक ने इंडिया पोस्ट और सीएससी ग्राम स्तरीय उद्यमियों के सहयोग से ईसीएचएस लाभार्थियों के लिए डाक सेवा दवा वितरण प्रणाली शुरू कर दी। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज रहने वाले लाभार्थियों को नियमित दवाएं पहुंचाना है। ताकि उन्हें मासिक दवाएं लेने के लिए बार-बार ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक जाना न पड़े। इससे बुजुर्गों को काफी राहत मिलेगी। स्वास्थ्य सेवा वितरण को और बेहतर बनाने के लिए, ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक लखनऊ में एक ऑनलाइन लैब प्रबंधन प्रणाली भी शुरू की गई है।



बैठक में उपस्थित एनई रेलवे मेंस कांग्रेस के कार्यकर्ता।

### रेल कर्मचारियों के मुद्दों का समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बहुउद्देशीय हाल में एनई रेलवे मेंस कांग्रेस और रेल प्रशासन के बीच नॉन पेमेंट संबंधी बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कर्मचारियों के वर्षों से लंबित भुगतान मामलों पर चर्चा कर बड़ी संख्या में समस्याओं का समाधान किया गया। बैठक में यूनियन की ओर से मंडल मंत्री राकेश चंद्र वर्मा के नेतृत्व में कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं प्रशासन की ओर से मंडल कार्मिक अधिकारी सुभाष चंद्र, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी रंजीत कुमार, मंडल वित्त प्रबंधक सचिन कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

### संवेदनशीलता की मिसाल है 'रेडक्रास'

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की कैसरबाग स्थित रेडक्रॉस भवन में विश्व रेडक्रास दिवस 'मानवता में एकता' थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम में करुणा, एकता, स्वैच्छिक सेवा और मानवीय कार्यों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ रेडक्रॉस आंदोलन के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनेंट के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पदाधिकारियों ने उनके योगदान को याद किया।

## आयोजन

**उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने 66 कर्मचारियों को किया सम्मानित**

# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर रेल कर्मचारी हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की ओर से साकेत रेलवे ऑफिसर क्लब, बंदरिया बाग में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भावना का सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाना था।

समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निरुपमा वर्मा ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 66 महिला और पुरुष रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। स्काउट और गाइड के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया।

अपने संबोधन में निरुपमा वर्मा ने कहा कि रेलवे कर्मचारी विपरीत परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा सुजाता चौहान, सचिव पूजा श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य और रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।




सम्मानित रेल कर्मियों के साथ उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्य। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### बीबीएयू ने चलाया जागरूकता अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के स्वयं सेल एवं इलेक्ट्रॉनिक मल्टीमीडिया रिसर्च सेंटर द्वारा शिया पीजी कॉलेज में जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में डिजिटल शिक्षण, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों तथा मूक की उपयोगिता एवं निर्माण प्रक्रिया के प्रति शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बीबीएयू स्वयं सेल की समन्वयक प्रो. यूवी किरण मुख्य प्रशिक्षक एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

### प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र चैम्पियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के कक्षा-1 के छात्र राघव श्रीवास्तव ने नई दिल्ली में आयोजित नेशनल बेनोब्रेनफेस्ट-2026 में चैम्पियन का खिताब अर्जित किया है। सीएमएस संस्थापिका निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस छात्र को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है।

### लखनऊ के पावर लिफ्टरों ने जीते 10 पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण और चार रजत समेत कुल 10 पदक जीते। एक से तीन मई तक आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। पावर लिफ्टिंग लखनऊ एसोसिएशन के सचिव शत्रुघ्न लाल ने बताया कि खिलाड़ियों ने सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में वर्षा रावत ने 52 किग्रा सब-जूनियर, यशी श्रीवास्तव ने 63 किग्रा जूनियर, प्रज्ञा उपाध्याय ने 84 किग्रा जूनियर, चन्द्रभान सिंह ने 105 किग्रा जूनियर और सीनियर वर्ग तथा अमितेश सिंह ने 74 किग्रा मास्टर-वन वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं रजत पदक विजेताओं में हनी गौड़ ने 57 किग्रा सब-जूनियर, पावनी अग्रवाल ने 63 किग्रा जूनियर, पार्थो गांगुली ने 105 किग्रा जूनियर और प्रद्युम्न सिंह ने 93 किग्रा सीनियर वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुजीत झा, सचिव शत्रुघ्न लाल और कोषाध्यक्ष अजय शंकर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### मेधंजय ने 200 मीटर में जीता स्वर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित 29वीं उत्तर प्रदेश राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में मेधंजय सक्सेना ने 22.22 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके प्रदर्शन से लखनऊ एथलेटिक्स संघ में खुशी का माहौल है। वहीं पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में लखनऊ के युगांत सिंह और अमरोहा के अर्पित सिंह के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। युगांत ने 7.37 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक हासिल किया। वह स्वर्ण पदक विजेता अर्पित सिंह से मात्र 0.01 मीटर पीछे रह गए। उनके प्रदर्शन की खेल विशेषज्ञों और दर्शकों ने सराहना की। राज्य चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अब 22 से 25 मई तक रांची में होने वाली राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### बलिदान की कथाओं ने किया भाव-विभोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** जी जे एकेडमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स लखनऊ ने शुक्रवार को रवींद्रालय में नाटक 'मैं तुझ में' का मंचन किया। आलोक श्रीवास्तव की परिकल्पना, संगीत और प्रस्तुति निर्देशन और ललित सिंह पोखरिया द्वारा लिखी गई, रामायण के कई संस्करणों पर शोध कर प्रस्तुति दी गई। राम को मर्यादापुरुषोत्तम बनाने में अपने संस्कारों से राम को पूरित करने वाली महिला पात्रों का सटीक चित्रण किया गया। कौशल्या, कैकई, सुमित्रा, शबरी, मंदोदरी, उर्मिला और सीता के त्याग बलिदान और धर्म पालन की कथाएं भाव-विभोर कर गईं। भाव प्रधान गीतों और नृत्य के माध्यम से किरदारों के प्रमुख संदेश को बेहद खूबसूरती से रेखांकित किया। नाटक में अर्चना शुक्ला, अपूर्वा श्रीवास्तव, स्तुति अवस्थी, डॉ. रुपाली श्रीवास्तव, नैना चंद्रा, माधवी निगम और सिमरन अवस्थी ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। प्रस्तुति के इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित आरुषि के साथ साथ डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. नकुल सिन्हा, डॉ. केपी चंद्रा, ज्योति किरण सिन्हा, कवि सर्वेश अस्थाना, मनीष हिंदवी, आईजी लोजिस्टिक्स आलोक श्रीवास्तव, सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ, सुशील कुमार सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग इस अनूठी प्रस्तुति के साक्षी बने।

# ऋभव-आरव की युगल में खिताबी जीत अब एकल स्वर्ण से बस एक कदम दूर

## बालक युगल में सरोहा व आरव चैंपियन, एकल के फाइनल में बनाई जगह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय टेनिस खिलाड़ी ऋभव सरोहा ने आईटीएफ जूनियर जे30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए युगल खिताब अपने नाम कर लिया। अब वह एकल वर्ग में भी खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल करने की दहलीज पर पहुंच गए हैं। गोमतीनगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के टेनिस एरिना में शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में ऋभव सरोहा और आरव चावला की भारतीय जोड़ी ने बालक युगल वर्ग का खिताब जीता। फाइनल में उन्होंने चुक्का लक्ष्य वर्धन और परंजय सिवाच की जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया।

ऋभव ने बालक एकल वर्ग में भी शानदार खेल जारी रखते हुए शीर्ष वरीय ओम पटेल को रोमांचक सेमीफाइनल में उलटफेर का शिकार बनाकर फाइनल में प्रवेश किया। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना क्वालीफायर पार्थिव नल्लागुंडला से होगा।




पुरस्कृत विजेता खिलाड़ियों के साथ उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिशन के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल। अमृत विचार

- **बालिका युगल में एंजल व रिद्धि बनी चैंपियन**

बालिका एकल वर्ग में तीसरी वरीय कार्तिका पद्मकुमार और चौथी वरीय हर्षा कार्तिका ओरुगांती ने अपने-अपने सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं बालिका युगल वर्ग के फाइनल में एंजल पटेल और रिद्धि शिंदे की जोड़ी ने अक्षिता अंतिल और शेरी शर्मा को 6-3, 7-5 से हराकर खिताब जीता। मुकाबले में दोनों जोड़ियों के बीच लंबी और शानदार रैलियां देखने को मिलीं।

केसरी स्पोर्ट्स और यूपीटीए की देखरेख में आयोजित टूर्नामेंट के विजेताओं को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के चेयरमैन कर्नल नरेश रजोरा, यूपीटीए के कोषाध्यक्ष बीसी तिवारी, पूर्व डेविस कप खिलाड़ी सिद्धार्थ विश्वकर्मा और आयोजन सचिव समित केसरी भी मौजूद रहे।

# एलडीए टीम को बंधक बनाकर पीटा

संवाददाता, काकोरी

- **सील कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करने पहुंचे थे कर्मचारी**
- **काकोरी थाने में चार नामजद व अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में गुरुवार को सील कॉम्लेक्स का निरीक्षण करने पहुंची एलडीए की टीम पर हमला किया गया। आरोप है कि निर्माणकर्ता और उसके साथियों ने एलडीए कर्मचारियों को बंधक बनाकर पीटा। साथ ही दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद काकोरी पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही है।

प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि मोहान रोड स्थित शिवरी चौराहे के पास करीब 200 वर्गमीटर भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति के व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। अवैध निर्माण के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर किया गया था, जिसके बाद 13 अप्रैल 2026 को भवन सील करने के आदेश जारी हुए थे। 24 अप्रैल को एलडीए की प्रवर्तन टीम ने निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स को सील कर दिया था। साथ ही स्थल की निगरानी के लिए काकोरी पुलिस को भी पत्र भेजा गया था।

7 मई की दोपहर एलडीए में तैनात सुपरवाइजर प्रदीप कुमार और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पियूष क्षेत्र में सील भवनों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान कर्मचारी अवैध निर्माण की फोटो खींच रहे थे। आरोप है कि तभी निर्माणकर्ता पक्ष के निराले, यशू, राहुल, शिवधर्म समेत अन्य लोगों ने दोनों कर्मचारियों पर हमला कर दिया। पीड़ित कर्मचारियों का आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें बंधक बनाकर मारपीट करते हुए धमकाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एलडीए उपाध्यक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद प्रदीप और पीयूष की तहरीर पर काकोरी थाने में हमला, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# युवक पर सरिया से हमला

**अमृत विचार, काकोरी:** थाना क्षेत्र में दबंगों ने युवक पर सरिया और डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि दबंगों ने पहले रास्ते में रोककर मारपीट की। उसके बाद पीछा करते हुए घर पर पहुंचकर परिवार को धमकाया। काकोरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मण्डौली गांव निवासी कामिल अकरम ने बताया कि 29 अप्रैल 2026 की सुबह वह गोलाकुआं से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान इब्राहीम, उसके बेटे अब्दुल मलिक, नावेद और नीतू ने सरिया और डंडों से हमला कर बाइक में तोड़फोड़ की। कामिल किसी तरह जान बचाकर वह मौके से भागा, लेकिन आरोपी उसका पीछा करते हुए घर तक पहुंच गए। वहां भी आरोपियों ने पीड़ित और उसके भाई आमिर अकरम के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

### युवक को बेरहमी से पीटा, रिपोर्ट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बिजनौर थाना क्षेत्र के रहीमाबाद निवासी बाबूलाल बुधवार रात करीब 9 बजे वह राठौर जनरल स्टोर पर सामान लेने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान वहां पहले से मौजूद संचीत यादव उर्फ गोलू, शनी यादव, मनीष कनौजिया और आदित्य कनौजिया ने उन्हें पीटा और धक्का दे दिया, जिससे वह गिर पड़े।

# आधुनिक तकनीकों से कम चीरे में जटिल दर्द का इलाज संभव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुराने कमर दर्द, साइटिका, कैंसर, गठिया और नसों से जुड़ी तकलीफों के इलाज में पेन मेडिसिन नई राहत बनकर उभर रही है। आधुनिक तकनीकों के जरिए अब कम चीरे में जटिल दर्द का इलाज संभव हो रहा है। इन्हीं उपचार पद्धतियों पर चर्चा के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शनिवार को 'पेन मेडिसिन' विषय पर सीएमई कार्यक्रम आयोजित होगा।

कार्यक्रम का आयोजन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की पेन मेडिसिन यूनिट और इंडियन सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ पेन के तत्वावधान में किया जाएगा। संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने बताया कि इसमें अत्याधुनिक तकनीकों और नई उपचार पद्धतियों पर विशेषज्ञ मंथन करेंगे। सीएमई में ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया, रीढ़ संबंधी दर्द, खेल चोटों से उत्पन्न दर्द, स्पाइनल कॉर्ड स्टिमुलेशन, वर्टेब्रोप्लास्टी और मिनिमली इनवेसिव स्पाइन प्रोसीजर जैसी तकनीकों पर चर्चा होगी। विशेषज्ञ लंबे समय से दर्द झेल रहे मरीजों के इलाज में आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता बताएंगे।

# माध्यमिक विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शेड्यूल जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छात्र छात्राओं में शोध व अनुसंधान की प्रवृति का होगा विकास:डॉ. दिनेश कुमार**

**अमृत विचार:** लखनऊ मण्डल के सभी जिलों के माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 आयोजन विषयक विस्तृत दिशा निर्देश शिक्षा निदेशक माध्यमिक द्वारा जारी किया गया है। जे डी लखनऊ मण्डल कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि विगत 30 वर्षों से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद,भारत सरकार,नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है

लखनऊ मण्डल में इसे अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए नोडल एजेंसी इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी को नियुक्त किया गया है। इस बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय "साइंस एंड इन्नोवेशन फ़ॉर सस्टेनेबिलिटी" निर्धारित गया है

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 के कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर 15 जुलाई तक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा ब्लॉक स्तर पर 16 जुलाई से 31 अगस्त तक ब्लॉक आयोजन समिति द्वारा जनपद स्तर पर सितम्बर से 31 अक्टूबर तक जिला आयोजन समिति द्वारा राज्य स्तर पर नवम्बर से 15 दिसंबर तक राज्य आयोजन समिति द्वारा किए जायेंगे।

# आरसीबी पर जीत से एलएसजी को मिली उम्मीद, प्लेऑफ की राह अब भी मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर शानदार जीत दर्ज कर आईपीएल प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। इस जीत से टीम को नई ऊर्जा मिली है, लेकिन अंक तालिका में स्थिति अब भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। एलएसजी फिलहाल 10वें स्थान पर है और खराब नेट रन-रेट उसके लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है।

प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए लखनऊ को अब अपने बाकी चारों मुकाबले हर हाल में जीतने होंगे। साथ ही टीम को बड़े अंतर से जीत दर्ज कर नेट रन-रेट भी सुधारना होगा। एलएसजी की राह इसलिए और कठिन मानी जा रही है क्योंकि अब उसे अपने प्रदर्शन के साथ दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा।

आरसीबी के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवा गेंदबाज प्रिंस ने कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन से ज्यादा महत्वपूर्ण टीम की जीत होती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय विराट कोहली, गेंदबाजी कोच भरत अरुण और मोहम्मद शमी को दिया। प्रिंस ने बताया कि शमी के सुझाव और मार्गदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा।

# लविवि में पीएचडी प्रवेश की तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के पीएचडी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर विभागों में उपलब्ध पूर्णकालिक और अंशकालिक रिक्त सीटों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि नवीन पीएचडी अध्यादेश-2026 के तहत प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जानी है। इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों को विभागीय शोध समिति (डीआरसी) से अनुमोदन प्राप्त कर सीटों का ब्योरा निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराना होगा। पत्र के अनुसार विभागों को 20 मई तक अधिष्ठाता कार्यालय के माध्यम से शोध प्रकोष्ठ में सीटों का विवरण जमा करना है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि समय से जानकारी मिलने के बाद प्रवेश प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे नए सत्र में पीएचडी दाखिले समयबद्ध तरीके से कराए जा सकें।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिला नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने ग्यारह चतुर्थ श्रेणी और एक तृतीय श्रेणी के मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया है।



विश्वविद्यालय में पहली बार मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र सीधे कुलपति द्वारा सौंपे गए। इन नियुक्तियों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि मृतक आश्रितों के आवेदन कई वर्षों से लंबित थे। लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को आज न्याय मिला और उनकी पीड़ा का समाधान हुआ। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में वली अहमद (2018), आर्यन कश्यप (2023), अर्जित तिवारी (2024), विपिन कुमार मिश्रा (2024), कुलदीप कश्यप (2022), शिव वाल्मीकि (2025), प्रदीप श्रीवास्तव (2025), तुषार कुमार (2025), अनुपम सिंह (2025), मनीष कश्यप, संकल्प शीर्ष और अनुपम सिंह शामिल हैं।

### बीबीएयू के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की फुटबॉल बॉयज़ टीम ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित 'संसद खेल महाकुंभ' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनकी इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के बीबीए (ऑनर्स) के छात्र शाश्वत सिंह ने भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'संसद खेल महाकुंभ' में स्वर्ण पदक अर्जित किया। 'ताइक्वांडो सीनियर स्टेट चैंपियनशिप' में अंडर 74 किलोग्राम वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**सेमिनार** | विकास और पर्यावरण में संतुलन जरूरी, अवैध खनन पर हो सख्ती

# अरावली केवल पहाड़ नहीं, देश का सुरक्षा कवच : डॉ. शर्मा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अरावली पर्वतमाला देश के लिए केवल भौगोलिक संरचना नहीं बल्कि एक सुरक्षा कवच है। अरावली क्षेत्र में भूजल संकट, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और अवैध खनन जैसी चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना बेहद आवश्यक है। ये बातें राज्य सभा सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कही।

डॉ. दिनेश शर्मा शुक्रवार को चिनहट के नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज में आयोजित अरावली पर्वतमाला के संदर्भ में सतत विकास का विधिक एवं नीतिगत ढांचा विषयक सेमिनार को मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रगति की रफ्तार को रोका नहीं जा सकता, लेकिन विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना समय की आवश्यकता है। अरावली क्षेत्र में वन्य जीव संरक्षण और अवैध खनन पर रोक के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। सरकार वृक्षारोपण अभियान चला रही है और यदि विकास कार्यों में पेड़ काटे जाते हैं तो उससे अधिक संख्या में नए पौधे लगाए जाने चाहिए।



संबोधित करते हुए डॉ. दिनेश शर्मा। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल, पृथ्वी, जीव-जंतुओं और प्रकृति की पूजा की परंपरा रही है। ऋषि-मुनियों ने पर्यावरण संरक्षण को जीवन का आधार माना था और वही भाव आज संविधान में भी दिखाई देता है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने कई अप्रासंगिक कानून समाप्त किए हैं और कानूनों के सरलीकरण से लोगों की जिंदगी आसान हुई है।

उन्होंने दिल्ली में आक्रांताओं के नाम पर मौजूद सड़कों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे नाम बदले जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और वीर अब्दुल हमीद जैसे लोग देश के आदर्श हो सकते हैं, लेकिन आक्रांताओं को आदर्श नहीं माना जा सकता।

सेमिनार में पूर्व कुलपति डॉ. डीपी तिवारी, लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे, पूर्व विधि सलाहकार राजभवन एसएस उपाध्याय, संस्थापक नर्वदेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट प्रो. नरेंद्रमणि त्रिपाठी, डॉ. दुर्गेश त्रिपाठी, डॉ. वीके शुक्ला, सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अमरीक सिंह, बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. महेश जी. ठक्कर समेत कई शिक्षाविद और विधि विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



ओपन जिम का उद्घाटन करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल।

### ओपन जिम का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेलेब्रेटी गार्डन, अंसल गोल्फ सिटी में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की सीएसआर निधि से बनी ओपन जिम का शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने उद्घाटन किया। कहा कि स्वस्थ समाज निर्माण के लिए लोगों का फिट और जागरूक होना आवश्यक है। इस प्रकार की सुविधाएं युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित करेंगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रेरणा से ये संभव हुआ है। लोगों से अपील है कि वे इस सुविधा का नियमित उपयोग करें और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाएं। स्थानीय लोगों ने सराहना की। इस मौके पर महापौर ने सोसायटी में रहने वाली स्वस्ति जैन को हाईस्कूल में 99.2 फीसद अंक लाने पर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के आयोजक अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, सोसायटी अध्यक्ष संदीप सोनी, उपाध्यक्ष आरती यादव, सचिव कृष्ण स्वरूप, कोषाध्यक्ष अनुग्रह मिश्रा, सदस्य नीलम मन्ना, सदस्य अवध बिहारी आदि उपस्थित रहे।




सीक्रेटस ऑफ मैनिफेस्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

### कला से सिखाया सफलता का मंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की ओर से एक होटल में 'सीक्रेटस ऑफ मैनिफेस्टेशन' विषय पर प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर और लाइफस्टाइल कोच डॉ. जय मदान ने सकारात्मक सोच और मैनिफेस्टेशन की शक्ति पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का मस्तिष्क उसी दिशा में कार्य करता है, जिस ओर उसके विचार केंद्रित होते हैं। लक्ष्यों पर स्पष्ट ध्यान और सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी है। चेयरपर्सन सिमरन साहनी ने बताया कि पिछले एक महीने में चैप्टर से 100 से अधिक नए सदस्य जुड़े हैं। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी गुप्ता और अध्यक्षता अनीशा जैन ने की। इस दौरान 250 से अधिक सदस्य मौजूद रहे।



प्रशिक्षण में मौजूद महिलाएं।

### भजन और विवाह गीत सिखाए

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौरैया संस्कृति संस्थान की ओर से आयोजित लोक संस्कृति आधारित कार्यशाला के आठवें दिन शुक्रवार को लोकगीतों और भजनों के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में रंजना मिश्रा ने प्रतिभागियों को राम-हनुमान भजन, विवाह गीत, पचरा और अन्य लोक भजन सिखाए। उन्होंने बताया कि जेठ माह में हनुमान भजनों का विशेष महत्व होता है। कार्यशाला में बधाई गीत, दादरा, सोहर, नकटा और सरिया जैसी लोक विधाओं का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



माताओं के साथ बच्चे। अमृत विचार

### माताओं का आरती टीका से किया स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेस की चारों शाखाओं में शुक्रवार को मदर्स डे समारोह आयोजित किया गया। प्ले ग्रुप और नर्सरी के बच्चों ने गीत-संगीत के बीच माताओं की आरती उतारी, टीका लगाया और मिठाई खिलाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद माताओं के लिए म्यूजिकल कप गेम, रोलर बैंगल्स गेम और वस्तु पहचानो जैसे खेल आयोजित किए गए। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।